# आज का पुरुषार्थ 5 July 2022

**Source**: BK Suraj bhai          **Website**: www.shivbabas.org

**धारणा** – *" आज बाबा से सीधा contact करे .. अपने बुद्धि के line को clear करके सीधा उनसे सम्पर्क जोड़े "*

हम सभी बाबा के बहुत ही **भाग्यवान** बच्चे है जिन्हें **अधिकार** मिला है ... बाबा को जब चाहे अपने पास बुला ले। बाबा के शक्तियों पर भी हमारा अधिकार हो गया है। बाबा से कान्टेक्ट कर ले, जब चाहे उनसे सम्पर्क स्थापित कर ले।

मानो दुनिया में किसी बड़े व्यक्ति ने अपना फोन नम्बर नम्बर देकर कहता है कि .. " *जब चाहे मुझे फोन करना बस और मैं आपके सेवा में हाजिर हो जाऊंगा* "

और यहाँ तो हमारा डायरेक्ट कनेक्शन है **सर्वशक्तिमान** के साथ। और उसने हमें कह दिया है कि ...

*" जब चाहे मुझसे कनेक्शन जोड़ना .. मुझे कान्टेक्ट करना .. मैं सदा तुम्हारे लिए फ्री हूँ .. तुम्हे मदद करने के लिए तैयार हूँ .. तुम्हारे बात सुनने के लिए हर वक्त मेरे पास समय है .. तुम केवल मुझसे कान्टेक्ट करना .. कनेक्शन जोड़ लेना .. मैं तुम्हारे पास दौड़ा चला आऊंगा "*

यह **अधिकार** उसने हमें दे दिया है। तो हम यह कला सीख जाये। लम्बे अभ्यास के बाद ही यह कला आती है कि जब चाहे अपने कनेक्शन परमपिता के साथ जोड़ ले।

तो हम तो स्वयं **लाइट** में आ ही जायेंगे। हमें तो ज्ञान का प्रकाश मिल जायेगा। हम जागृत हो जायेंगे। हमारी **शक्तियाँ** जग जायेगी। लेकिन दुसरों को भी हमसे प्रकाश प्राप्त हो जायेगा।

तो आइये हम अभ्यास करें डायरेक्ट **सर्वशक्तिमान** से अपना **कनेक्शन** जोड़ने का। दोनों जगह ही जोड़ सकते है .. **परमधाम में** भी और सूक्ष्म लोक में भी। लेकिन इसके लिए आवश्यक है बहुत अच्छा बारम्बार का अभ्यास।

तो हम सभी यह ध्यान दे, बाबा का एक **सुन्दर महावाक्य स्मृति में लाये** - *" जो जितना वाइसलेस होंगे .. जो जितना पवित्र होंगे .. जिनकी बुद्धि जितना स्वच्छ होंगी .. वह सीधा कनेक्शन जोड़ सकेंगे बाबा से* "

तो हम ध्यान दे विशेष रूप से कि अपनी बुद्धि को सदा एनगेज न रखें। व्यर्थ में एनगेज, साधारण संकल्पों में एनगेज, काम-काज के संकल्पों में एनगेज।

यदि हमारी बुद्धि ऐसी एनगेज रहेंगी तो मानो हमारे फोन लाईन एनगेज है। हम बाबा से कान्टेक्ट नहीं कर पायेंगे। और इसका सरल तरीका है .. कुछ ज्यादा अभ्यास न भी हो तो स्वमान का सुन्दर अभ्यास सारा दिन करते रहे।

इससे हमारा कनेक्शन मानो जुड़ा ही रहेगा। और हम सहज जब चाहे उनसे अपना कान्टेक्ट स्थापित कर सकेंगे।

तो रोज़ ऐसा बारम्बार अभ्यास करना है कि ... " हमें बाबा से कान्टेक्ट करना है .. अपनी बात कहनी है "

कोई समस्या आ गईं, कोई माया आ गईं, कोई व्यर्थ का विचार आ गया, कोई चिन्तायें मन को सताने लगी .... **तुरंत अपने बाबा से कान्टेक्ट कर ले**

*" हैलो .. बाबा यह चिन्ता आ गई है .. अब यह चिन्ता तुमको अर्पित कर रहे है .. इसे आप सम्भालों .. यह समस्या आ गईं .. अब बोलो क्या समाधान है इसका .. मैं क्या करूँ .. यह माया आ गईं .. बोलो, अब क्या करना है मुझे "*

तो बाबा से कान्टेक्ट जोड़ते ही विजयी होने की शक्ति प्राप्त हो जायेगी। समस्या का **समाधान** स्वतः ही बुद्धि में आने लगेगा। और सभी चिन्तायें बाबा तक पहुंच जायेगी।

हमें तुरंत मेहसूस होगा कि ... " **खुदा दोस्त ने हमारी चिन्तायें हर ली है .. हमको हल्का कर दिया है** "

तो आईये आज सारा दिन बार-बार अपना फोन लगाये, बाबा से कान्टेक्ट करे। विजुयालाइज करे ..

**" महा ज्योति को परमधाम में "**

बस ऐसा करे कि मानो ... " हम उसे देख रहे है लगातार "

दुसरी बार .. कान्टेक्ट करे सूक्ष्म लोक में बापदादा से। बापदादा की क्लियर विज़न हो ...

**" बहुत डिवाइन स्वरुप .. अंग अंग से तेजस्वी किरणें फैलती हुई .. मस्तक में चमक रही है महा ज्योति "**

तो एकबार सर्वशक्तिमान से कान्टेक्ट दुसरी बार सूक्ष्म लोक में बापदादा से कान्टेक्ट ...

हर घन्टे में एकबार यह कान्टेक्ट करेंगे ...

।। ओम शान्ति ।।

**BK Google**: www.bkgoogle.org

**Website**: www.shivbabas.org